संपादकीय

कूटनीतिक कामयाबी

यह भारतीय कूटनीतिक कामयाबी ही कही जायेगी कि जिस समय इस्लामाबाद में इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी के सदस्य देशों की अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हो रही थी उसी दिन भारत में आयोजित सम्मेलन में मध्य एशिया के पांच इस्लामिक देश भाग ले रहे थे। दरअसल, दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में आयोजित तीसरे भारत-मध्य एशिया डायलॉग में उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान व कजाखस्तान के विदेश मंत्रियों ने शिरकत की। वे इस्लामाबाद जाने के बजाय दिल्ली सम्मेलन में पहुंचे। इस सम्मेलन में जहां मध्य एशिया के इन देशों के बीच व्यापार संबंधी व क्षेत्रीय जुड़ाव पर बात हुई, वहीं अफगानिस्तान के मुद्दे पर गंभीर विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि इन पांच देशों में से तीन ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान की सीमा अफगानिस्तान से लगती है। अफगानिस्तान के हालात पर इनकी चिंता भारत से मेल खाती है। इस सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त बयान में भारत ने इन पांचों देशों के साथ एक सुर में कहा कि बदले हालात में अब अफगानिस्तान की धरती का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिये नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान की भरपूर मदद की जाये। निस्संदेह भारत समेत इन देशों की क्षेत्रीय सुरक्षा को अफगानिस्तान में तालिबान के आने से खतरा उत्पन्न हुआ है। इन पड़ोसी देशों के व्यापार पर भी प्रभाव पड़ा है। दरअसल, अफगानिस्तान से अमेरिका व नाटो संगठन की वापसी के बाद तालिबान कब्जा होने से भारत की गंभीर भूमिका नहीं रह गई थी। एक वजह यह कि तालिबान पाक के गहरे प्रभाव में है और पाक नहीं चाहता कि अफगानिस्तान में भारत की कोई भूमिका हो। लेकिन भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से इस दिशा में अपनी भूमिका के लिये जगह बनाने का प्रयास किया है। उल्लेखनीय है कि दस नवंबर को भी इन मध्य एशियाई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों का भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में दिल्ली सम्मेलन हुआ था। महत्वपूर्ण यह कि इसमें रूस और ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी मौजूद थे। दरअसल, भारत की सोच रही है कि वह मध्य एशिया के देशों से संबंध बेहतर करके अफगानिस्तान में अपने कूटनीतिक हितों का पोषण कर पायेगा। इसमें भारत के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह के जरिये मध्य एशिया के इन देशों से जुड़ाव का लक्ष्य भी शामिल है, जिसमें इन देशों में आपसी व्यापार के लिये मालवाहक गलियारा बनाने पर सहमत होना भी शामिल है। अच्छी बात है कि भारत की चिंताओं में शामिल इन देशों ने अफगानिस्तान में पनप रहे आतंकवाद पर कारगर कार्रवाई पर सहमति जतायी। इसी कंम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रावधानों के अनुरूप अफगान धरती को आतंकवाद की उर्वरा भूमि बनाने से रोकने के सभी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया। वहीं भारत समेत इन देशों के विदेश मंत्रियों ने सहमति जतायी कि जहां अफगानिस्तान की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा होनी चाहिए, वहीं सभी अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी वाली समावेशी सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। प्रयास हो कि अफगानिस्तान में मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये। तालिबान सरकार बनने के बाद अफगानिस्तान की धरती से नशे के कारोबार फलने-फूलने पर चिंता जताते हुए इस पर रोक के लिये सख्त प्रयास करने की जरूरत बतायी गई। सभी सहमत थे कि नये अफगानिस्तान में यूएन की प्रभावी भूमिका हो। वक्त आ गया है कि मानवीय संकट को दूर करने के लिये तुरंत मदद पहुंचाई जाये। साथ ही जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं व बच्चों के हितों को संरक्षण मिले। निस्संदेह, पाक को इस बात की परेशानी होगी कि इस्लामाबाद में चालीस साल बाद हुए इस्लामिक देशों के सम्मेलन के समांतर भारत ने मध्य एशियाई देशों के सम्मेलन के जरिये कुछ बढ़त तो हासिल कर ली है।

सीतारमण की विभिन्न समूहों के साथ बजट पूर्व चर्चा पूरी

नई दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2022-23 के आम बजट की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न समूहों के साथ बजट पूर्व चर्चा को आज पूरा कर लिया। इस दौरान उन्होंने आठ वर्चुअल बैठकों में सात हितधारक समूहों के 120 प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की है।

श्रीमती सीतारमण ने यह बैठकें 15 दिसंबर को शुरू की थी जो आज समाप्त हो गयी। देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ आज अंतिम बैठक संपन्न हुयी। इस दौरान उन्होंने कृषि एवं कृषि उत्पाद प्रसंस्करण उद्योग, उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं जलवायु परिवर्तन, वित्तीय क्षेत्र एवं पूंजी बाजार, सेवा एवं व्यापार, सामाजिक क्षेत्र, श्रमिक संघ एवं मजदूर संगठन तथा अर्थशास्त्री शामिल हैं।

इन बैठकों में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और डॉ भगवत किशनराव कराड़, वित्त सचिव टी वी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ, दिपक सचिव तुहीन कांत पांडेय, वित्तीय सेवाओं के सचिव देबाशीष पांडा, कंपनी मामलों के सचिव राजेश वर्मा और राजस्व सचिव तरूण बजाज के साथ ही मंत्रालय अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त संबंधित विभाग और मंत्रालयों के सचिवों ने भी ऑनलाइन भाग लिया।

बैठकों के दौरान शोध एवं विकास व्यय में बढोतरी करने, डिजिटल सेवाओं को इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने, हाइड्रोजन स्टोरेज को प्रोत्साहित करने, ईंधन कोशिका विकास, आयकर दरों को तर्कसंगत बनाने और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों पर निवेश करने की आदि की सलाह दी गयी है।

श्रीमती सीतारमण ने बैठकों में शामिल होने वालों को उनके सुझाव को आम बजट में सम्माहित करने का आश्वासन भी दिया है।

ईवी बैटरी रिसाइक्लिंग के लिए एमजी मोटर की एटेरो के साथ हुई साझेदारी

नई दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाले कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने ईवी बैटरी रिसाइक्लिंग के लिए भारत में एटेरो के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस प्रयास में उन्होंने एमजी की पहली ईवी बैटरी की सफलतापूर्वक री-साइक्लिंग की। री-साइक्लिंग की प्रकिंया से निकले कई खनिज तत्व और कई अन्य पदार्थों का प्रयोग नई बैटरियों को विकसित करने में किया जा सकता है।

कंपनी ने ईवी के इको सिस्टम को मजबूत करने की अपनी पहल को आगे बढ़ाते हुये एक अभियान भी शुरू किया है। कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए शुरू से अंत की पूरी प्रकिंया को अपना रही है। बैटरी से होने वाला कूड़ा-करकट संवहनीय यातायात की दिशा में एक चुनौती है और बेहतर तरीके से बैटरियों की रीसाइक्लिंग ही इस कमी को दूर करने के लिए साझेदारी की गयी है।

एमजी इंडिया ने भारत की पहली प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी-जेडएस ईवी की ली-आयन बैटरी को दोबारा प्रयोग करने और रि-साइक्लिंग के लिए एटेरो रिसाइक्लिंग से साझेदारी की है। स्थिर और स्वच्छ इकोसिस्टम विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए एमजी ने हाल ही में क्लीनमैक्स के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन का उद्देश्य 4.85 मेगावॉट विंड सोलर हाइब्रिड पावर को हलोल, गुजरात में एमजी के उत्पादन कारखाने तक पहुंचाना है।

हल्दिया रिफाइनरी अग्निकांड : मृतकों को मदद कर ही आईओसी

नई दिल्ली । इंडियन ऑयल के हल्दिया रिफाइनरी में कल लगी आग में मृत तीन लोगों के परिजनों को कंपनी मदद पहुंचा रही है और इस अग्निकांड की जाँच भी शुरू कर दी है।

कंपनी ने अधिकारियों ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि इसमें 44 लोग घायल हो गये थे जिसमें तीन ती मृत्यु हो गयी थी। घायलों में से तीन ठेका श्रमिकों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया था और 37 अन्य घायलों का कोलकाता में उपचार जारी है। एक व्यक्ति का उपचार तामलुक में चल रहा है।

कंपनी ने एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी क एक उच्च स्तरीय दल मौके पर पहुंच चुका है और आग लगने की घटना की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी 38 घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

चीन के कारोबारी जैक मा को भारत से झटका, दौलत में अजीम प्रेमजी ने पछाड़ा

नई दिल्ली। चीन सरकार की सख्ती झेल रहे अलीबाबा ग्रुप के मुखिया जैक मा को एक और भारतीय कारोबारी ने झटका दिया है। ये भारतीय कारोबारी विप्रो के फाउंडर अजीम प्रेमजी हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक अजीम प्रेमजी ने दौलत के मामले में जैक मा को पछाड़ दिया है। साल 2020 के शुरुआती महीनों तक एशिया के सबसे बड़े रईस रहे जैक मा से आगे अब तीन भारतीय-अजीम प्रेमजी, गौतम अडानी और मुकेश अंबानी हैं।

किसकी कितनी है दौलत : ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की रैंकिंग के मुताबिक अजीम प्रेमजी की कुल दौलत 39.3 बिलियन डॉलर है और वह दुनिया के 33वें सबसे अमीर अरबपति हैं। अजीम प्रेमजी की गिनती देश के सबसे बड़े दानवीर के तौर पर होती है।

जैक मा की कितनी दौलत : वहीं, जैक मा की बात करें तो इनकी दौलत घटकर 38.2 बिलियन डॉलर पर आ गई है। जैक मा की दौलत 38.2 बिलियन डॉलर है। जैक मा करीब डेढ़ साल से चीन सरकार के निशाने पर हैं। दरअसल, अलीबाबा ग्रुप के फाउंडर जैक मा ने चीन सरकार की नीतियों की आलोचना की थी। इसके बाद वह महीनों तक सार्वजनिक जीवन से गायब रहे। इधर, चीन की सरकार ने जैक मा की कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की। इन सभी प्रकरण का असर जैक मा की दौलत पर भी पड़ा।

लंबे समय से थे करीब : दौलत के मामले में अजीम प्रेमजी और जैक मा के बीच लंबे समय से टक्कर हो रही थी। अब अजीम प्रेमजी आगे निकल गए हैं। दौलत में अजीम प्रेमजी से आगे रहने वाले भारतीय कारोबारी में गौतम अडानी और मुकेश अंबानी हैं। गौतम अडानी की दौलत 76.5 बिलियन डॉलर है और वह रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। वहीं, मुकेश अंबानी की बात करें तो 88.7 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ 12वें स्थान पर हैं।

नियमों के उल्लंघन को लेकर वन मोबिक्विक और स्पाइस मनी पर आरबीआई ने लगाया 1-1 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। नियमों का उल्लंघन करने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो पेमेंट ऑपरेटर - वन मोबिक्विक सिस्टम्स और स्पाइस मनी पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दोनों पेमेंट कंपनियों पर 1 करोड़ रुपए का फाइन लगाया गया है। एक बयान में, आरबीआई ने कहा कि उसने भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 (पीएसएस) की धारा 26 (6) के नियमों का उल्लंघन करने के कारण दो पेमेंट ऑपरेटरों पर फाइन लगाया है। पीएसएस अधिनियम की धारा 30 के प्रावधानों के तहत रिजर्व बैंक ने दोनों के ऊपर जुर्माना लगाया है।

नेटवर्थ नियम न पालन करने के कारण लगा जुर्माना

आरबीआई ने बयान में कहा कि ये कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों के कारण की गई है। वन मोबिक्विक और स्पाइस मनी को दंडित करने के निर्णय पर आरबीआई ने कहा कि दोनों भुगतान ऑपरेटरों ने भारत बिल भुगतान परिचालन इकाइयों (बीबीपीओयू) के लिए नेटवर्थ के निर्देशों का पालन नहीं किया है, इस कारण उनके ऊपर फाइन लगा है।

किरण, आकर्षी ने पुरुष और महिला एकल बैडमिंटन खिताब जीते

चेन्नई । केरल के किरण जॉर्ज और छत्तीसगढ़ की शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप ने चेन्नई में अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को लगातार गेमों में हरा कर कंमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए।

पुरुष एकल का फाइनल 21 वर्षीय किरण और शुभांकर डे के बीच था, जो कोर्ट और बाहर अपनी दृढ़ता के लिए जाने जाते हैं। किरण ने हालांकि एक करीबी मुकाबले की उम्मीद पर तब पानी फेर दिया, जब उन्होंने शुरुआती गेम में 7-1 की बढ़त बना ली। युवा खिलाड़ी ने नेट एक्सचेंज और शानदार शॉट्स के साथ खेल को नियंत्रित किया।

विश्व के 57वें नंबर के खिलाड़ी शुभांकर, जिन्हें घरेलू रैंकिंग कम होने के कारण क्वालीफाइंग दौर से गुजरना पड़ा था, बेशक स्कोर के अंतर को कम करने में कामयाब हुए, लेकिन किरण के तेज शॉट्स के आगे वह बेबस हो गए और इसी के साथ किरण ने अनुभवी शुभांकर को 39 मिनट में 21-17, 21-12 से हराया। वहीं महिला एकल का फाइनल भी एकतरफा रहा, जिसमें आकर्षी कश्यप ने क्वालीफायर तान्या पर दबाव बनाया, जिन्होंने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा को हराया था। चैंपियन आकर्षी ने शुरुआत में तान्या को लंबी रैलियों में उलझाए रखा और 11-4 की बढ़त ले ली। तान्या हालांकि दूसरे हाफ में ज्यादा आत्मविश्वासी लगी, लेकिन वह मैच में वापसी करने में विफल रही और आकर्षी से 21-15, 21-12 से हार गई।

आज का राशिफल

मेषः सेहत बढ़िया रहेगी। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं, उनका पैसा डूब सकता है। जीवनसाथी की किसी बात से आहत महसूस करेंगे।

वृषः आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा। प्यार का इज़हार करने में मुश्किल महसूस करेंगे। समय पर तेज़ क़दम उठाना आपको औरों से आगे ले जाएगा।

मिथुनः आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो, लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है।

कर्कः अगर आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

सिंहः कुछ रचनात्मक करने के लिए अपने दफ़्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करें। नए क़रार फ़ायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक़ लाभ नहीं पहुंचाएंगे।

कन्याः आज के दिन घर के किसी इलेक्ट्रोनिक सामान के खराब हो जाने की वजह से आपका धन खर्च हो सकता है।

तुलाः भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। आपकी मनोकामनाएं दुआओं के ज़रिए पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी तरफ़ आएगा।

वृश्चिकः अगर आप पर्याप्त आराम नहीं कर रहे हैं, तो आप बहुत ज़्यादा थकान महसूस करेंगे।

धनुः आज आप खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तंदुरुस्त बनाए रखेगा। आर्थिक तौर पर सुधार तय है।

मकरः कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है। घरेलू जिंदगी सुकूनभरी और खुशनुमा रहेगी।

कुंभः आपकी ऊंची बौद्धिक क्षमताएं आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है।

मीनः गाड़ी चलाते समय सावधान रहें, ख़ास तौर पर मोड़ पर। आपको अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में कठिनाई होगी, लेकिन आस-पास के लोगों से झगड़ा न करें।

रश्मिका मंदाना के इंस्टाग्राम पर हुएं 25 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर्स

साउथ इंडस्ट्री की बेहद ही खूबसूरत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ हुई फिल्म पुष्पा को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई है। रश्मिका जहां बहुत ही कम समय में साउथ इंडस्ट्री में अपनी अच्छी खासी पहचान बना चुकीं है, वहीं अब वह जल्द ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार है।

एक्टिंग के साथ ही रश्मिका सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को अपने ग्लैमरस अवतार से भी रूबरू करवाती रहती है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्ट्रेस की बहुत ही अच्छी फैन फॉलोइंग है, जो अब 25 मिलियन से ज्यादा हो गई है। 25 मिलियन से अधिक फैन फॉलोवर्स होने का जश्न मनाते हुए रश्मिका ने अपने फैंस का शुकिया अदा किया है।

अभिनेत्री ने सेलिब्रेशन की कुछ खास तस्वीरों का रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वेट वेट वेट!!!!! इससे पहले मैं भूल जाऊं 25 मिलियन फैमिली..... अब 25.8 मिलियन फैमिली। हमने इसे सेलिब्रेट किया। आई लव यू।

इस रील्स में रश्मिका केट कट करते दिखाई दे रहीं हैं तो कभी मस्ती के मूड में नजर आ रहीं हैं। उनका यह पोस्ट उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, और सभी कमेंट्स कर रश्मिका द्वारा इस माइलस्टोन को पार करने पर उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं।

द कश्मीर फाइल्स से मिथुन चकंवर्ती का फर्स्ट लुक आया सामने

डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित फिल्म द कश्मीर फाइल्स जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के रिलीज़ होने से पहले मेकर्स एक-एक कर सभी कलाकारों का फर्स्ट लुक रिवील कर रहें हैं।

बीते सोमवार को इस अपकमिंग फिल्म से अनुपम खेर का धांसू लुक रिवील करने के बाद आज मिथुन चकंवर्ती का भी फर्स्ट लुक जारी किया गया है जो बेहद ही धमाकेदार है। अभिनेता अनुपम खेर ने मिथुन चकंवर्ती के फर्स्ट लुक को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

फर्स्ट लुक शेयर कर अनुपम ने कैप्शन में लिखा, जम्मू और कश्मीर के रिटायर्ड डिवीजनल कमिशनर ब्रम्ह दत्त को इंट्रोड्यूज कर रहा हूं, जिसका किरदार मिथुन दा द्वारा निभाया गया है। द कश्मीर फाइल्स 26 जनवरी को रिलीज़ हो रहीं हैं। सहमदेखेंगे।

पकौड़े, समोसे से अलग स्नैक्स में ट्राय करें- सूजी बॉल्स

सामग्री :

सूजी- 2 कप, पानी- 3 कप, चिली फ्लेक्स या कुटी हुई लाल मिर्च- 1 छोटा चम्मच, अदरक- 1 इंच कीसी हुई, नमक- स्वादानुसार, राई- 1 छोटा चम्मच, जीरा- 1 छोटा चम्मच, तिल- 1 छोटा चम्मच, सूखी खड़ी लाल मिर्च- 1-2, कढ़ी पत्ते- 8-10, उड़द दाल- 1 छोटा चम्मच, चना दाल- 1 छोटा चम्मच, हींग- 1/8 छोटा चम्मच, नारियल- 2 बड़े चम्मच कद्दूकस किया हुआ, सांभर मसाला- 1 छोटा चम्मच, हरा धनिया- 2 बड़े चम्मच कटा हुआ, नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच, तेल- 3 बड़े चम्मच और थोड़ा-सा चिकनाई के लिए।

विधि :

कड़ाही में 2-3 कप पानी गर्म करें।

इसमें कुटी हुई मिर्च, अदरक और नमक मिलाएं और उबाल आने दें। इसके बाद इसमें सूजी और इसके साथ ही एक बड़ा चम्मच तेल डाल दें। लगातार चलाते हुए गाढ़ा होने तक पकाएं। मिक्सचर पेस्ट जैसा बन जाए तो गैस बंद कर दें और 10 मिनट तक ढककर रख दें। अब इसे एक बोल में डाल दें। हाथों पर तेल लगाकर चिकना करें और मिश्रण को गूंधकर एकदम चिकना कर लें। मिश्रण हथेली में लेकर गोल-गोल छोटी-छोटी गोलयां बनाएं। अब बॉयलर या डबल स्टीमर में 1.5 कप पानी उबालें। स्टीमर प्लेट या जाली की प्लेट पर इन सूजी बॉल्स को रखें। भाप में 20-25 मिनट तक मीडियम आंच पर पकाएं। पैन में फिर से तेल गर्म करें। इसमें हींग, राई, जीरा, तिल, खड़ी लाल मिर्च, उड़द दाल, चना दाल तड़काएं। इसमें कसा हुआ नारियल, नमक और सांभर मसाला मिलाएं। कुछ सेकंड चलाते हुए भूनें। जब दाल हल्के भूरे रंग की हो जाए, तो इसमें दो बड़े चम्मच पानी डालें। सूजी के बॉल्स इसमें डालकर मिलाएं। दो मिनट तक इसे ढककर रखें। नींबू का रस और हरा धनिया ऊपर से डालकर चटनी के साथ परोसें।

शब्द सामर्थ्य- 298

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 297 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

सू-दोकू- 298

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.297का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5